*कार्यालय, प्रधानाचार्य एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी*
*पं. खुशीलाल शर्मा, शासकीय (स्वशासी) आयुर्वेद महाविद्यालय एवं संस्थान,*
*( साइन्स हिल्स, मैनिट के पीछे, भोपाल )*
**e- mail:** principal@klsgaci.nic.in Website: http://klsgaci.nic.in
principal@klsgaci.edu.in www.klsgaci.edu.in
**Phone:** 0755-2970310

क्रमांक / छात्रकक्ष / 2017 / 425 भोपाल, दिनांकः 07/6/17

जनसम्पर्क संचालनालय
07 JUN 2017
33944/17
आवक

प्रति

संचालक
जनसंपर्क बाण गंगा
भोपाल।

विषयः– पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु विज्ञापन प्रकाशित करने बाबत्।

––00––

विषयान्तर्गत कृपया पं. खुशीलाल शर्मा शासकीय स्वशासी आयुर्वेद महाविद्यालय एवं संस्थान भोपाल सत्र 2017–18 के लिये पैरामेडिकल पाठ्यक्रमो मे प्रवेश हेतु विज्ञापन को जनहित प्रदेश के एक प्रमुख हिन्दी समाचार पत्र तथा रोजगार एवं निर्माण मे प्रकाशित करने का कष्ट करेंगे।

संलग्न विज्ञापन का प्रारूप – 07 प्रति

(डॉ. उमेश शुक्ला)
प्रधानाचार्य एवं मुख्य कार्यपालन अधिकरी

07/6/17

कार्यालय, प्रधानाचार्य एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी
पं. खुशीलाल शर्मा, शासकीय (स्वशासी) आयुर्वेद महाविद्यालय एवं संस्थान,
( साइन्स हिल्स, मैनिट के पीछे, भोपाल )

**e- mail:** principal@klsgaci.nic.in
principal@klsgaci.edu.in

Website: http://klsgaci.nic.in
www.klsgaci.edu.in
**Phone: 0755-2970310**

क्रमांक / छात्रकक्ष / 2017 /

भोपाल, दिनांकः

## / / पैरामेडिकल पाठ्यक्रम प्रवेश / /

पं. खुशीलाल शर्मा शासकीय (स्वशासी) आयुर्वेद महाविद्यालय एवं संस्थान, भोपाल में सत्र 2017–18 के लिये डिप्लोमा इन फार्मेसी (आयुर्वेद) – (02 वर्षीय) एवं पंचकर्म टेक्नीशियन –(01 वर्षीय) पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। आवेदन पत्र का प्रारूप व नियम एवं शर्तो की विस्तृत जानकारी संस्थान की **Website:** http://klsgaci.nic.in एवं **www.klsgaci.edu.in** से डाउनलोड किया जा सकता है। यदि आवेदन पत्र संस्थान से ही प्राप्त करना चाहे तो हस्ते प्राप्त करने हेतु अनारक्षित वर्ग के आवेदक के लिये रू0 200 / -- तथा आरक्षित वर्ग के आवेदक के लिये रू0 100 / –का बैंक ड्राप्ट जो कि प्रधानाचार्य, पं. खुशीलाल शर्मा शासकीय (स्वशासी) आयुर्वेद महाविद्यालय एवं संस्थान, भोपाल के नाम देय हो, का निर्धारित शुल्क जमा कर कार्यालयीन समय में प्राप्त कर सकते है। भरे हुये आवेदन पत्र संस्थान मे कार्यलयीन समय मे जमा करने की अंतिम तिथि 17 / 07 / 2017 है। अंतिम तिथि के पश्चात् प्राप्त आवदन पत्रो पर कोई विचार नही किया जायेगा। पाठ्यक्रम मे प्रवेश मेरिट के आधार पर महाविद्यालय ऑफ लाईन काउंसिलिंग के माध्यम से दिया जायेगा। काउसंलिंग दिनांक 18 / 07 / 2017 को निर्धारित है, विस्तृत शेड्यूल वेब साइड पर उपलब्ध है। निर्धारित शेड्यूल अनुसार उपस्थिति होवे इस हेतु पृथक से कोई कॉल लेटर नही भेजा जायेगा। काउसंलिंग मे भाग लेने हेतु किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नही होगा।

(डॉ. उमेश शुक्ला)
प्रधानाचार्य एवं मुख्य कार्यपालन अधिकरी
07/6/17

# कार्यालय, प्रधानाचार्य एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी
# पं. खुशीलाल शर्मा, शासकीय (स्वशासी) आयुर्वेद महाविद्यालय एवं संस्थान,
( साइन्स हिल्स, मैनिट के पीछे, भोपाल )

e- mail: principal@klsgaci.nic.in
principal@klsgaci.edu.in

Website: http://klsgaci.nic.in
www.klsgaci.edu.in
Phone: 0755-2970310


क्रमांक / छात्रकक्ष / 2017 / 427 भोपाल, दिनांकः 07/06/2017

//विज्ञापन//

पं. खुशीलाल शर्मा शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय एवं संस्थान भोपाल ( म.प्र. ) के अन्तर्गत निम्न पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु उम्मीदवारो से निर्धारित प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित किये जाते है

| क्र. | पाठ्यक्रम | उपलब्ध सीट की श्रेणीवार संख्या | | | | | | | | | कुल सीट संख्या | पाठ्यक्रम की अवधि | न्यूनतम शैक्षणि अर्हता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | प्रदेश के बाहर हेतु सीट | अना. | | अ.जा. | | अ. ज.जा. | | अ.पि. वर्ग | | | | |
| | | | ओपन | महिला | ओपन | महिला | ओपन | महिला | ओपन | महिला | | | |
| 1 | डिप्लोमा इन फार्मेसी (आयुर्वेद) 02 वर्षीय | 06 | 13 | 06 | 06 | 02 | 07 | 03 | 05 | 02 | 50 | 02 वर्षीय | 10+2 (भौतिकी, रसायन एव जीव विज्ञान) अथवा समकक्ष |
| 2 | पंचकर्म टेक्नीशियन (सर्टीफिकेट कोर्स) 01 वर्षीय | 06 | 13 | 06 | 06 | 02 | 07 | 03 | 05 | 02 | 50 | 01 वर्षीय | 10+2 बारहवी किसी भी (संकाय) विषय से उत्तीर्ण अथवा समकक्ष |

## निर्देशः–

1. आवेदक अपने आवेदन निर्धारित प्रोफार्मा में आवश्यक संलग्नकों के साथ दिनांक 17 जुलाई 2017 तक **"कार्यालय प्रधानाचार्य, पं. खुशीलाल शर्मा शासकीय (स्वशासी) आयुर्वेद महाविद्यालय एवं संस्थान, विज्ञान पहाड़ी, मैनिट के पीछे, कोलार–नेहरू नगर बायपास रोड, भोपाल" पिन कोर्ड नंबर 462003** में डाक द्वारा अथवा स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं।
2. लिफाफे के ऊपर पाठ्यक्रम का नाम लाल स्याही से अंकित करें।
3. निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नही किया जायेगा।
4. आयु सीमा– न्यूनतम आयु सीमा 30 जून 2017 तक 17 वर्ष पूर्ण।
5. म.प्र. के अनुसूचित जनजाति के अभ्यार्थियों के लिए 20 प्रतिशत, अनुसूचित जाति के अभ्यर्थियों के लिए 16 प्रतिशत एवं अन्य पिछड़े वर्गो के उन अभ्यर्थियों के लिए जो क्रीमिलेयर से भिन्न हैं 14 प्रतिशत स्थान आरक्षित रहेंगे। महिला अभ्यर्थियों के लिए आरक्षण प्रत्येक संवर्ग में 30 प्रतिशत होगा अर्थात यह आरक्षण होरिजेन्टल एवं कम्पार्टमेंटलाइज्ड रहेगा। ऐसे विकलांग अभ्यार्थी जो म.प्र. के मूल निवासी हैं, के लिए छह प्रतिशत स्थान प्रत्येक पाठ्यक्रम में नियमानुसार प्रवेश हेतु आरक्षित है।
6. आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारो को सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र, की अभिप्रमाणि छायाप्रति संलग्न करना आवश्यक है।
7. चयण 10+2 परीक्षा में प्राप्त अंको के आधार पर मैरिट सूची अनुसार किया जायेगा।
8. डिप्लोमा इन फार्मेसी (आयुर्वेद) पाठ्यक्रम के लिये निर्धारित फीस रू0 23000/– (रू0 5000/– कांशनमनी सहित) प्रथम वर्ष एवं रू0 18000/– द्वितीय वर्ष में देय होगी, एवं विश्वविद्यालयीन शल्क रू0 3800/– प्रति वर्ष तथा नामांकन एवं पात्रता शुल्क रू0 700/– प्रथम वर्ष में प्रथक से देय होगा। तथा पंचकर्म टेक्नीशियन पाठ्यक्रम के लिये परिषद द्वारा निर्धारित फीस रू0 18000/– (रू0 5000/– कांशनमनी सहित) वार्षिक देय होगी

9. आवेदक यदि एक से अधिक पाठ्यक्रम हेतु आवेदन करना चाहता है तो उसे प्रत्येक पाठ्यक्रम हेतु पृथक – पृथक आवेदन पत्र के साथ आवेदन शुल्क का बैंक ड्राफ्ट प्रस्तुत करना होगा।

10. आवेदन पत्र के साथ अनारक्षित वर्ग के लिये रू0 200/– तथा आरक्षित वर्ग के लिये रू0 100/– का बैंक डाफ्ट लगाना अनिवार्य है, जो कि **"प्रधानाचार्य, पं. खुशीलाल शर्मा शासकीय (स्वशासी) आयुर्वेद महाविद्यालय एवं संस्थान,भोपाल"** के नाम से देय होगा

11. प्रदेश के बाहर हेतु निर्धारित सीटो पर उम्मीदवार उपलब्ध न होने पर प्रदेश के उम्मीदवारो से सीटे भरी जावेगी। इसी प्रकार आरक्षित सवर्ग के उम्मीदवार उपलब्ध न होने पर नियमानुसार अन्य सवर्ग के उम्मीदवारो से सीटे भरी जावेगी।

काउंसलिंग शेड्यूल :– 1/ पंचकर्म टेक्नीशियन दिनांक 18/07/2017 प्रातः 10:00 बजे से

2/ डी. फार्मा आयुर्वेद दिनांक 18/07/2017 10:00 बजे से

(डॉ. उमेश शुक्ला)
प्रधानाचार्य एवं मुख्य कार्यपालन अधिकरी

## डिप्लोमा इन फार्मेसी आयुर्वेद एवं पंचकर्म टेक्नीशियन प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप

स्वप्रमाणित नवीन फाटो

प्रति

प्रधानाचार्य
पं. खुशीलाल शर्मा शासकीय स्वशासी
आयुर्वेद महाविद्यालय एवं संस्थान भोपाल

| | | |
|---|---|---|
| 01 | आवेदित पाठ्यक्रम का नाम | |
| 02 | आवेदक का पूरा नाम | |
| 03 | पिता/पति का नाम | |
| 04 | जन्म तिथि | |
| 05 | आयु (30 जून 2017 को) | .....................वर्ष.............माह.................दिन.............................. |
| 06 | श्रेणी ( अनारक्षित, अनुसूचित जाति , अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग) | |
| 07 | पत्र व्यवहार का पता | |
| | अस्थाई पता | |
| 08 | दूरभाषा/मोबाईल नम्बर | |

08. शैक्षणिक अर्हता :–

| क्र. | परीक्षा का नाम | बोर्ड का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | परीक्षा विषय | प्राप्तांक/पूर्णाक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 10 वी या समकक्ष | | | | | |
| 02 | 12 वी या समकक्ष | | | | | |

### "घोषणा पत्र"

मै शपथ पूर्वक कथन करता हूँ/करती हूँ कि मेरे द्वारा उपरोक्तानुसार दी गयी समस्त जानकारी सत्य हैं। प्रवेश के समय, प्रवेश पश्चात् अथवा किसी भी समय जानकारी असत्य प्रमाणित होने पर मेरा प्रवेश निरस्त कर दिया जाये, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी मेरी स्वयं की होगी।

दिनांक :– ............................

स्थानः– ............................

उम्मीदवार के हस्ताक्षर

**आवश्यक संलग्नको की सूची :–**

1. 10 वी अकसूची (अभिप्रमाणित छायाप्रति)
2. 12 वी अथवा समकक्ष अकसूची (अभिप्रमाणित छायाप्रति)
3. म.प्र. मूल निवासी प्रमाण पत्र (अभिप्रमाणित छायाप्रति)
4. जाति प्रमाण पत्र (अभिप्रमाणित छायाप्रति)

6. आधार कार्ड (अभिप्रमाणित छायाप्रति)

5. अन्य